# बिहार विधान परिषद

**(200वां बजट सत्र)**

**Short Notice Questions For Written Answers**

## 07 मार्च, 2022

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**Total Short Notice Question- 8**

----

### सड़क का निर्माण

***13 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के कंकड़बाग, R.M.S. Colony होते हुए New Bypass, जगनपुरा चौक तक जाने वाली 80 फीट सड़क 30 फीट में तब्दील होकर जर्जर हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि यह एक महत्वपूर्ण सड़क है जो कंकड़बाग कॉलोनी को जोड़ती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क का चौड़ीकरण करते हुए उसका निर्माण कब तक कराना चाहती है?

----

### राष्ट्रीय उच्च पथ में परिवर्तित करने पर विचार

***34 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर-मीनापुर-तरियानी शिवहर बेलवा घाट एस.एच. सड़क में बेलवा घाट में बागमती नदी पर पुल नहीं रहने के कारण शिवहर से मोतिहारी जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि इस पुल का निर्माण हो जाने से आवागमन काफी सुविधाजनक और सुरक्षित हो जाएगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराते हुए मुजफ्फरपुर से मीनापुर-तरियानी-शिवहर-बेलवा घाट- ढाका-मोतिहारी तक की सड़क को राष्ट्रीय उच्च पथ में परिवर्तित करने हेतु अनुशंसा करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## जल जमाव की समस्या

***35 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य का मुख्य व्यवसाय कृषि है और यह कुल जनसंख्या के लगभग 60 प्रतिशत व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करता है;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला सहित राज्य के बड़े हिस्से में कृषि योग्य भूमि में जल जमाव की समस्या है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि सरकार के पास इस क्षेत्र का जल जमाव दूर करने के लिए कोई कार्य योजना है?

----

## सडक का निर्माण

***36 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं.- 19 एवं राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-28 छपरा-सीवान-गोपालगंज तक का निर्माण कार्य बंद है;

(ख) क्या यह सही है कि अभी सीवान से गोपालगंज तक सड़क का निर्माण पूर्ण नहीं किया गया है;

(ग)	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

*37	**श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क)	क्या यह सही है कि बक्सर जिले के बक्सर प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कृतपुरा, बक्सर में चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है;

(ख)	क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय की चहारदीवारी नहीं रहने के कारण बाहरी असामाजिक तत्व अंदर घुसकर दरवाजे एवं खिड़कियों को नुकसान पहुंचा देते हैं एवं विद्यालय में असुरक्षा का माहौल हमेशा व्याप्त रहता है;

(ग)	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र मनरेगा योजना के तहत उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आवेदनों पर विचार

*38	**श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क)	क्या यह सही है कि राज्य में वर्ष 2021-22 के दौरान 998.11 करोड़ रुपए की खरीफ फसल का नुकसान होने पर कृषि इनपुट अनुदान के लिए 30 जिलों के 22 लाख 27 हजार 28 किसानों ने आवेदन दिया है;

(ख)	क्या यह सही है कि इनपुट अनुदान के तहत अबतक 8 लाख 62 हजार 522 किसानों के ही बैंक खातों में राशि पहुंची है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आवेदन प्राप्त

*39	**श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में चाय, सहजन, मगही पान और प्याज की खेती के साथ पहली बार रजनीगंधा की खेती किसान करेंगे;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त फसलों की खेती पर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान देने का प्रावधान है जिसके लिए किसानों से आवेदन लिया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि अभी तक कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं और उनपर क्या कार्रवाई की गई है

----

## सडक का निर्माण

*40 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिलान्तर्गत एन.एच.- 139 उमैराबाद से न्यू अरवल होते हुए मोथा नहर एवं एन.एच.-110 को जोड़ने वाली सड़क अत्यंत ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क की मरम्मती की मांग सरकार से बारंबार किए जाने एवं सरकार द्वारा विगत दो वर्षों से इसकी मरम्मती के लिए 57.22 लाख राशि का प्राक्कलन बनाए जाने का उल्लेख किए जाने के बावजूद अभी तक सड़क का पुनर्निर्माण नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण करने की समय-सीमा बताना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----